आकाशवाणी शिमला
29.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

निर्वाचन आयोग–सतर्कता ऐप

भारत निर्वाचन आयोग का सी विजिल ऐप मतददाताओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है। अब तक आम चुनाव की घोषणा के बाद शिकायती ऐप पर 79 हजार से अधिक उल्लंघन के मामलों को दर्ज किया गया है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि 99 प्रतिशत से आधिक शिकायतों का समाधान कर लिया गया है और इन शिकायतों में से 89 प्रतिशत का सौ मिनट के भीतर समाधान निकाला गया। 58 हजार पांच सौ से अधिक मिली शिकायतें अवैध होर्डिंग और बैनर से संबंधित हैं। 14 सौ से अधिक मिली शिकायतें धनराशि, उपहार और शराब वितरण से संबंधित हैं, जबकि लगभग तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के बारे में हैं। एक हजार शिकायतें निर्धारित चुनाव प्रचार के समय से अधिक प्रचार से संबंधित हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बिना केन्द्र सरकार की सहायता के प्राकृतिक आपदा के समय प्रभावित 25 हजार से अधिक परिवारों को बसाने का कार्य किया जबकि भाजपा नेता आपदा के समय भी राजनीति करते रहे। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष प्रदेश ने अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा का सामना किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए 45 सौ करोड़ रूपए का विशेष राहत पैकेज जारी किया जबकि केन्द्र सरकार ने प्रभावित परिवारों के पुर्नवास के लिए कोई विशेष आर्थिक पैकेज नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों की मदद करने की बजाए वह केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक मदद रूकवाने के लिए रोड़े अटकाते रहे। उन्होंने कहा कि आपदा के समय पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घरों के पुर्ननिर्माण के लिए सहायता राशि एक लाख 30 हजार से बढ़ाकर 7 लाख रूपए की गई है। इसके अलावा राज्य सरकार सरकारी दरों पर निशुल्क राशन, गैस कनेक्शन, बिजली व पानी कनेक्शन और सीमेंट भी उपलब्ध करवा रही है।

बिंदल–बैठक

प्रदेश भाजपा चुनाव प्रंबधन समिति की बैठक आज ऊना में पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बिंदल ने कहा कि प्रदेश में राजनीतिक घटना क्रम अभी जारी है, और 43 विधायकों वाली कांग्रेस, सरकार चलाने में नाकाम रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों सहित 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव में भी जीत हासिल करेगी। बिंदल ने कहा कि भाजपा महासंपर्क अभियान के तहत केन्द्र सरकार की नीतियों व उपलब्धियों को घर–घर तक पहुंचाएगी और समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ सम्पर्क करने का प्रयास करेगी। बैठक में भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, प्रदेश महामंत्री सिद्धार्थन, और राज्यसभा सांसद व पार्टी के प्रदेश महामंत्री सिंकदर कुमार भी उपस्थित रहे।

नियंत्रण कक्ष

आयकर विभाग ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शिमला में एक नियंत्रण कक्ष खोला है, जो विशेष रूप से 24 घंटे काम कर रहा है। आयकर विभाग के नोडल अधिकारी ने बताया कि किसी व्यक्ति या पार्टियों द्वारा नकदी वितरण, मुफ्त उपहार या किसी प्रलोभन के संबंध में कोई भी शिकायत टोल फ्री नंबरः 1–8–0–0–1–8–0– 8–2–0–0 और व्हाट्सएप नंबर 9–8–1–6–0–8–4–1–1–7 फोन नंबरों पर संपर्क

करके विभाग के साथ साझा की जा सकती है। जानकारी साझा करने वाले व्यक्तियों के नाम और विवरण गोपनीय रखे जाएंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस सुविधा का उपयोग करें और वास्तविक जानकारी साझा करें।

गुड फ्राईडे

आज गुड फ्राईडे है। इस मौके पर राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अन्य स्थानों पर गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं। करीब 2 हजार वर्ष पहले आज ही के दिन प्रभु ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था और ये दिन उनके बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित क्राईस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में लोगों विशेषकर ईसाई धर्म के अनुयायी भाग ले रहे हैं।

राशन डिपो

सोलन में सरकारी राशन डिपो में खराब तेल मिलने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत वार्ड पार्षद द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग से की गई है। इस संबंध में नगर निगम सोलन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी अतुल कैस्था ने बताया कि तेल के सैंपल एकत्र कर जांच के लिए कंडाघाट लैब भेजे गए है और यदि सैंपल फेल होते हैं तो तेल बनाने वाली कंपनी पर नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

....